युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम 2020

(युविका – 2020)

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ.ए.क्यू.)

1. **इस कार्यक्रम के लिए कौन पात्र हैं ?**

इस कार्यक्रम में वे विद्यार्थी पात्र हैं, जिन्होनें 8वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है तथा वर्तमान में 9वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं (शैक्षणिक वर्ष 2019-20, आई.सी.एस.ई., सी.बी.एस.ई. एवं राज्य पाठ्यक्रम से)।

2. **मुझे आवेदन-पत्र कहाँ पर भेजने होंगे ?**

चयन कार्य ऑनलाइन पंजीकरण द्वारा किया जाएगा। इसका कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है। इच्छुक विद्यार्थी 03 फरवरी 2020 (1700 बजे) से 24 फरवरी 2020 (1800 बजे) तक इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसरो की वेबसाइट पर 03 फरवरी 2020 को वास्तविक लिंक उपलब्ध होगी। इस चयन प्रक्रिया में कोई भी अन्य एजेंट/एजेंसियां शामिल नहीं हैं, केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जाना चाहिए तथा चयन कार्य इसरो द्वारा संपन्न होगा।

3. **मैं ग्रामीण क्षेत्र से हूँ, क्या मुझे ग्रामीण विद्यार्थी का लाभ प्राप्त हो सकता है ?**

ग्रामीण विद्यार्थी का लाभ प्राप्त करने के लिए, आप जिस विद्यालय में अध्ययनरत हैं, वह विद्यालय ब्लॉक/ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित होना चाहिए तथा इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा इसके लिए प्रमाणित किया जाना चाहिए।

4. **यह कार्यक्रम कब आयोजित करने की योजना है ?**

यह कार्यक्रम 11 से 22 मई 2020 के दौरान आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सूची में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो चयनित अभ्यर्थियों को बाद में सूचित किया जाएगा।

5. **मुझे कब और कहाँ रिपोर्ट करना चाहिए ?**

चयनित अभ्यर्थियों को अहमदाबाद, बेंगलूरु, शिलाँग एवं तिरुवनंतपुरम स्थित इसरो/अं.वि. के किसी भी एक केंद्र में रिपोर्ट करने के लिए सूचित किया जाएगा।

6. **मैं अभी 8वीं कक्षा में हूँ, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ ?**

जी, नहीं।

7. मैं अभी 10वीं कक्षा में हूँ, क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ ?

जी, नहीं।

8. इस कार्यक्रम में अनुदेश का माध्यम क्या है ?

अनुदेश का माध्यम अंग्रेजी है।

9. मैं प्रवासी भारतीय नागरिक हूँ। क्या मैं इस कार्यक्रम में आवेदन कर सकता/सकती हूँ ?

इस कार्यक्रम में, प्रवासी भारतीय नागरिक, जो भारत में 9वीं कक्षा में (शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के दौरान) अध्ययनरत हैं, कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जब कभी कहा जाए, तब भारत सरकार द्वारा जारी ओ.सी.आई. प्रमाण-पत्र को अपलोड करना होगा।

10. चयन का मानदंड क्या है ?

चयन का मानदंड निम्नलिखित हैं:

क्र. सं.	**विवरण**	**अधिभार**
1.	8वीं कक्षा की परीक्षा में निष्पादन	60%
2.	वर्ष 2016 से जिला/राज्य/राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय अथवा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित विद्यालयीन कार्यक्रमों (जैसे: आशुभाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन....) में पुरस्कार (प्राथमिकता के लिए उच्च स्तर पर विचार किया जाएगा)	2/4/6/10%
3.	वर्ष 2016 से विद्यालय अथवा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जिला/राज्य/राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद गतिविधियों के विजेता (प्राथमिकता के लिए उच्च स्तर पर विचार किया जाएगा)	2/4/6/10%
4.	स्काउट और गाइड/एन.सी.सी./एन.एस.एस. सदस्य – वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान (2019-20)	5%
5.	ग्रामीण विद्यालय में अध्ययनरत (विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जारी इस संबंध में साक्ष्य का प्रमाण-पत्र – मानदंड: जिस विद्यालय में अभ्यर्थी अध्ययनरत है, वह विद्यालय ब्लॉक/ग्रामीण पंचायत क्षेत्र में स्थित होना चाहिए)	15%
	कुल	**100%**

11. क्या इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी को कोई शुल्क देनी होगी ?

इसके लिए कोई भी शुल्क नहीं है। चयनित विद्यार्थियों को इसरो के अतिथि गृह/छात्रावास में आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसरो द्वारा विद्यार्थी का यात्रा व्यय (निकटतम रेलवे स्टेशन से रिर्पोटिंग केंद्र तक रेल द्वारा आने-जाने के लिए वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का किराया), पाठ्यक्रम सामग्री, ठहरने एवं भोजन, आदि का खर्च इसरो द्वारा वहन किया जाएगा। विद्यार्थी को रिर्पोटिंग केंद्र पर लाने तथा ले जाने के लिए किसी एक अभिभावक/माता-पिता को भी रेल का वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का किराया दिया जाएगा।

12. यदि मैं चयनित होता/होती हूँ, तो क्या मेरे माता-पिता/अभिभावक मेरे साथ इसरो के अतिथि-गृह/छात्रावास में रह सकते हैं ?

जी, नहीं।

13. जिस अतिथिगृह/होस्टल में छात्राओं को आवास प्रदान किया जाएगा, क्या वहाँ इसरो/अं.वि. की महिला कर्मचारी उपलब्ध होंगी ?

जी, हाँ।

14. मुझे कार्यक्रम की अद्यतन जानकारी कैसे मिलेगी ?

इस कार्यक्रम की अद्यतन जानकारी के लिए कृपया नियमित रूप से www.isro.gov.in वेबसाइट देखें।

Young Scientist Programme 2020
(Yuvika - 2020)

Frequently Asked Questions (FAQs)

1. **Who are eligible for the programme?**

   Students who have completed 8^{th} Standard and currently studying in 9^{th} Standard (Academic year 2019-20, from ICSE, CBSE and State Syllabus) are eligible for the programme

2. **Where I need to send the applications?**

   The selection will be done through online registration. There is no registration fee involved. The interested students can register online through ISRO website www.isro.gov.in from February 03, 2020 (1700 hrs) to 24 February 2020 (1800 hrs). The exact link will be available on 03 February, 2020 in the ISRO website. There are no other agents/agencies involved in selection process, application should be made online only and the selection is done by ISRO.

3. **I am from Rural area, whether I get Rural student benefit?**

   To get the Rural student benefit, the school, where you are studying should be located in the Block/village Panchayat area and school Head Master should certify for it.

4. **When is the programme planned ?**

   The programme will be held from 11 to 22, May 2020. In case of any change in the programme schedule, it will be informed later to the selected candidates.

5. **When and where I need to report ?**

   The selected candidates will be informed to report to any one centres of ISRO/DOS located at Ahmedabad, Bangalore, Shillong or Thiruvananthapuram

6. **I am in 8th Std now, can I apply?**

   No

7. **I am in 10th Std now, can I apply?**

   No

8. **What is the medium of instruction of the programme?**

   The medium of instruction is English

9. **I am an Overseas Citizen of India. Whether I can apply for the programme?**

   Overseas Citizen of India, who are studying in India in 9th std (during the academic year 2019-20) are eligible for the programme. OCI certificate issued by Government of India to be uploaded, when it is asked to do so.

10. **What is the selection criteria ?**

    The selection criteria is as mentioned below:

S.No	Description	Weightage
1	Performance in the 8th Std Examination	60%
2	Prize in school events conducted by the School or Education board from the year 2016 onwards (like Elocution, Debate, Essay Writing....) at	2/4/6/10%

	District/State/National/ International Level (The higher level will be considered for weightage)	
3	Winners of District/State/National/International Level sports activities conducted by School or Education board from the year 2016 onwards (The higher level will be considered for weightage)	2/4/6/10%
4	Scouts and Guides/NCC/NSS Member - during the current academic year (2019-20)	5%
5	Studying in Rural School (Certificate of proof to this effect to be produced from the head of the school – Criteria: The school, where the candidate is studying should be located in Block/Village Panchayath Area)	15%
Total		**100%**

11. Is there any fee to be paid by the candidate to attend the programme?

No fee is involved. The selected students will be accommodated in ISRO guest houses/hostels. Expenditure towards the travel of student (II AC fare by train from nearest Rly Station to the reporting centre and back), course material, lodging and boarding etc., during the entire course will be borne by ISRO. II AC fare will also be provided to one guardian/parent for drop and pick up of student from the reporting centre.

12. Whether my parent/guardian can stay with me in ISRO Guesthouse/hostel, if I am selected?

No.

13. Whether a lady ISRO/DOS official will be available in the Guesthouse/Hostel, where girl students are accommodated?

Yes.

14. How can I get updates on the programme ?

To know the updates about the programme, please regularly visit www.isro.gov.in